# ANNUAL REPORT

# 2017-18




## JAN KALYAN SAMAJIK SANSTHAN

Block No. 2 & 3, Kavita Complex, Kourinbhata , Rajnandgaon ,
Dist – Rajnandgaon (C.G.) India, Pin – 491441
Phone: 07744 292987 Email: jksssomni@gmail.com
Website: www.jankalyanindia.org

## लिंक वर्कर स्कीम परियोजना

### स्वास्थ्य शिविर

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर (छ.ग.) के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव, (छ.ग.) द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के अंर्तगत व जिला प्रशासन के




सहयोग से पलायनवादी लोगों के बिच तेजी से बढते एच आई वी/एड्स को ध्यान मे रखते हुए एच आई वी/एड्स संबंधित जागरुकता कार्यक्रम पलायनवादी स्वास्थ्य मेला का आयोजन राजनादगांव जिला के सवेदनशील गांवो मे ICTC मोबाईल वेंन के माध्यम से परियोजना के द्वारा वर्ष 2017–18 मे कुल 6330 लोगो का निः शुल्क एच.आई.वी. जांच,यौन रोग परीक्षण,उपचार की सुविधा मिला है। जिसमे 15 सवेदनशील एच.आई.वी.पाजीटिव पाया गया सभी को ART से जोडा गया । साथ ही स्वास्थ्य संबंधित व्यवस्था मे पांप्लेट्स, पोष्टर व कंडोम बांटा गया और स्वास्थ्य केंद्र के प्रशिक्षित डॉक्टर के द्वारा निः शुल्क एच.आई.वी. जांच,यौन रोग परीक्षण,उपचार की सुविधा चिकित्सक सलाह, सामान्य दवाईया एंव जांच ,पांप्लेट्स, पोष्टर व कंडोम बांटा गया और स्वास्थ्य केंद्र के प्रशिक्षित डॉक्टर, परामर्शदाता व लैब टेक्निशियन द्वारा निःशुल्क परामर्श व एच आई वी कि जांच कराया गया।

### (Condom Promotion) कंडोम प्रोत्साहन

लिंक वर्कर परियोजना अंतर्गत कंडोम प्रोत्साहन एक महत्वपूर्ण घटक है । जिसके दवारा लक्षित समूह के लोगो को कंडोम की उपयोगिता को जाना है एवं असुरक्षित यौन व्यवहार को त्यागकर सुरक्षित यौन व्यवहार को अपनाया है । कंडोम प्रोत्साहन अंतर्गत कंडोम वितरण , कंडोम डेमो, रिडेमो, कंडोम आउटलेट इत्यादि प्रमुख हैं । संस्था द्वारा वर्ष 2017–18 23732 निःशुल्क व 7712 सोशल मार्केटिग कंडोम का लक्षित समूह को वितरण कराया गया है जो कुल लक्ष्य का 90% है। परियोजना अंर्तगत विभिन्न 100 गांवो मे कुल 200 निःशुल्क कंडोम आउटलेट स्थापित किया गया है।

### लिकंवर्करो का क्षमता विकास प्रशिक्षण

लिंकवर्कर योजना राजनांदगांव अंर्तगत लिंकवर्करों मे कौशल एवं दक्षता का विकास करने के उद्वेश्य से पुराने कार्यरत लिंकवर्करों का एवं नव नियुक्त लिंक वर्करों का एक दिवसीय दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया है जिसमें सभी कलस्टर से पंराने एवं नये लिंकवर्करों ने भाग लिया।

1. एच.आई.वी/एड्स की जानकारी ( चार कारण व बचाव के उपाय )
2. एच.आर.जी.,सेतु जनसंख्या एवं संवेदनशील जनसंख्या
3. कण्डोम की उपयोगिता एवं महत्व के संबंध में

4. यौन संचारित संक्रमण (एस.टी.आई) का कारण व उससे सुरक्षा
5. लिंक वर्कर की भूमिका (रिपोंसिबिलिटी आफ लिंक वर्कर)




लिंक वर्कर स्कीम मूल रूप से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण समिति (नाको) के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है जिसका छत्तीसगढ राज्य में इस योजना को संचालित करने हेतु छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति (सीजीसेक्स) को अधिकृत किया है राजनांदगांव जिले में इस कार्यक्रम को संचालित करनें के लिए जिले के पंजीकृत गैंर सरकारी संगठन जनकल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव का चयन किया है इन सभी बातों को लिंक वर्करों को बताया ।

## रेड रिबन एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम

आज दिनांक 01 दिसम्बर, 2017 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर (छ.ग.) के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव, (छ.ग.) द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम के अंर्तगत जय स्तम्भ चौक राजनांदगांव के पास मे टेण्ट लगा करके रेड रिबन एव हस्ताक्षर अभियान के द्वारा लगभग 2000 लोगों को एच.आई.वी. एवं एड्स के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजनांदगांव, महापौर माननीय श्री मधुसुदन यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, अमलेन्दु हाजरा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकपाल मनरेगा राजनांदगांव, शिशुपाल खोब्रागढ़े, अध्यक्ष समता जन कल्याण समिति, क्रांति बंजारे सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव के द्वारा हस्ताक्षर कर रेड रिबन लगाकर जन समुदाय को एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। एड्स एक गंभीर बिमारी हैं, जिसे केवल जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता हैं। संस्था के द्वारा जय स्तम्भ चौक राजनांदगांव मे एक फोल्डींग टेंट लगाया गया था। इस स्टाल के माध्यम से आस पास मे उपस्थित लोगों को आइ. ई. सी. मटेरियल का वितरण करते हुए एवं उनके कपड़ों मे रेड रिबन लगाते हुए उन्हे एच.आई.वी. एवं एड्स के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अंर्तगत स्टाल मे साउंड बाक्स एवं माईक का व्यवस्था किया गया था जिसके माध्यम से लिंकवर्करों द्वारा निरंतर एच.आई.वी. एवं एड्स से मुक्ति का नारा लगाया जा रहा था एवं इन नारों के साथ साथ उपस्थित जनसमूह को एच.आई.वी.

एवं एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए एच.आई.वी. संक्रमण के चार कारण एवं एच.आई.वी. संक्रमण से बचाव के चार तरीको के बारे मे निरंतर माइक के माध्यम से बताया जा रहा था ।

## एच.आई.वी. ⁄ एड्स जागरूकता रैली कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनकल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम (परियोजना) के अंतर्गत ब्लॉक राजनांदगांव में ग्राम, बोरी,भेड़ीकला ब्लॉक डोंगरगांव में खुज्जी, बीजाभाठा, उरईडबरी, ब्लॉक डोंगरगढ़ में ग्राम मेढा, बेलगांव छुईखदान में झुरानदी, ब्लाक खैरागढ़ मे भैंसातरा, अमलीडीहकला में संगोष्ठी व रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रैली मे उपस्थित जनसमूह एवं विद्यालयीन छात्र–छात्राओं को यह बताया गया कि आज विश्व एड्स दिवस है और आज के दिन पूरी दुनिया में एच.आई.वी. ⁄ एड्स से लड़ने का एवं समाज को एच.आई.वी. ⁄ एड्स मुक्त बनाने का संकल्प लिया जाता है और यही कार्य हम सबको भी करना है। इस रैली को प्रारंभ करने से पहले सभी रैली स्थानों पर एक परिचर्चा रखा गया था जिसमे बताया गया कि लिंकवर्कर स्कीम राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा प्रायाजित कार्यक्रम है जिसे छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्वेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में एच.आई.वी. एवं एड्स के बारे मे जानकारी प्रदान करके ग्रामीण समुदाय मे विशेषकर उच्च जोखिम समूह एवं युवा वर्ग में जागरूकता लाना एवं ल क्षित समुदाय को सेवाओं से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के संचालन हेतु राजनांदगांव जिले के 100 ग्रामों का चयन किया गया है एवं यह ग्राम 06 ब्लाक से परियोजना के लक्ष्य के आधार पर चयन किया किया गया है। जिसके अंर्तगत राजनांदगांव ,डोंगरगांव, छुरिया, खैरागढ़, डोंगरगढ़ एवं छुईखदान ब्लाक सम्मिलित है। अपने–अपने कार्य क्षेत्र में सभी लिंक वर्कर्स द्वारा लोगों को रेड रिबन लगाया गया। इसकें बाद गांव में रैली निकाला गया इस रैली में आई.ई.सी मटेरियल्स वितरण किया गया एवं नारों के साथ रैली का सफलता पूर्वक संचालन किया गया । आज यह कार्यक्रम पूर्व तैयारी के अनुसार निर्धारित स्थानों में चयनित ब्लाक के अन्तर्गत जिन ग्रामों में किया गया वे इस प्रकार है– लिंक वर्कर स्कीम (परियोजना) के अंतर्गत ब्लॉक राजनांदगांव में ग्राम, बोरी,भेड़ीकला ब्लॉक डोंगरगांव में खुज्जी, बीजाभाठा, उरईडबरी, ब्लॉक डोंगरगढ़ में ग्राम मेढा, बेलगांव छुईखदान में झुरानदी, ब्लाक खैरागढ़ मे भैंसातरा, अमलीडीहकला में संगोष्ठी व रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज यहां रैली कार्यक्रम मुख्य रूप से वालेंटियर्स, स्टेक होल्डर्स की सहभागिता से हुआ। ग्राम भ्रमण के दौरान रैली में सम्मिलित समुदाय जन एवं ग्राम के हायर सेकेण्ड्री स्कूल स्तर के छात्र–छात्राओं ने बैनर, पोस्टर व नारों के माध्यम से एच.आई.वी. ⁄ एड्स की जागरूकता का प्रसार किया। उक्त कार्यक्रम में पंचायत के सरपंच अन्य पंचायत सदस्य, मितानीन व स्व सहायता समूह के सदस्य सम्मिलित हुए। एच.आई.वी. ⁄ एड्स की जागरूकता प्रसार करते हुए लिंक वर्कर ने आई.ई.सी. मटेरियल वितरित भी किया।



## संगोष्ठी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनकल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम के अंर्तगत राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं छुईखदान ब्लाक के ग्रामों मे संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में जोनल सुपरवाईजर भीमसेन साहू , दीपक साहू बीजाभाठा, उरईडबरी मे संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों को यह बताया गया कि आज विश्व एड्स दिवस है और



आज के दिन पूरी दुनिया में एच.आई.वी./एड्स से लड़ने का एवं समाज को एच.आई.वी./एड्स मुक्त बनाने का संकल्प लिया जाता है और आज हम सबको भी यह संकल्प करना है कि हम सब मिलकर समाज को एच.आई.वी./एड्स से मुक्त करायेंगे। यह सगोष्ठी कार्यक्रम जिला राजनांदगांव के विभिन्न स्कूल मे संगोयठी कार्यक्रम का आयेजन किया गया। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों को यह बताया गया कि एड्स एक अवस्था है जिसका पूरा नाम इस प्रकार है **ए** – एक्वावर्ड (अनुंवाशिक) दूसरें से प्राप्त किया गया।**आई.** – इम्युनो – रोग प्रतिरोधक शक्ति।**डी** – डेफिसेन्सी –कमी।**एस** –सिन्डोम – संलक्षण । इसी प्रकार एच.आई.वी. संक्रमण के बारे मे बताया गया कि एच.आई.वी वायरस प्रांरभ समय सुस्त अवस्था में होता है। एच.आई.वी वायरस संक्रमण के सामान्य लक्षण हो सकते है – लम्बे समय से खॉसी आना, लम्बे समय से बुखार आना, लम्बे समय से दस्त होना, दिनों दिन वनज का घटना, भुख न लगना, अवसरवादी संक्रमण जनित विभिन्न रोग होना, अन्य रोग जो दवाई लेने से भी ठीक नही होना लेकिन यह जरूरी नही है कि उक्त लक्षण एच.आई.वी संक्रमण के ही हो क्योंकि ये दूसरे बिमारियों के भी लक्षण हो सकते है । यह मात्र रक्त जांच से ही पता चलता है कि एच.आई.वी संक्रमण है या नही। 3–6 माह के विण्डो पिरीयड को विस्तार से समझाया गया।

## आर.टी.ई.वाच कार्यक्रम

***प्रस्तावना*** – **सर्व शिक्षा अभियान रायपुर, एवं यूनिसेफ रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में जनकल्याण सामजिक संस्थान द्वारा आर.टी.ई. वांच कार्यक्रम राजनांदगांव जिले के 10 प्राथमिक शाला, 10 पूर्व माध्यमिक शालाओ में क्रियान्वयन किया जा रहा है आर.टी.ई. वांच क्या है ? आर.टी.ई.वाच कार्यक्रम एक सतत सामजिक अंकेक्षण प्रक्रिया जो गुणवतापूर्व शिक्षा के लिए गैर शासकीय संसथाए ,शिक्षातंत्र, एवं समुदाय मिलकर निरंतर प्रयासरत है| इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा अधिकार कानून के**

मापदण्ड के अनुसार शाला के अधोसंरचना ,कक्षागत शिक्षण,और छात्रो के शैक्षणिक गुणवत्ता तथा शाला प्रबंधन समिति के सक्रियता आदि का आंकलन कर संबधित शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखंड स्तर,जिले स्तर, में  साथ साझा किया जाता है,ताकि पालक ,शिक्षक,एवं समुदाय सभी की जिम्मेदारी सुनिचित हो सके,और प्रदेश में शिक्षा मित्र वातावरण निर्मित हो सके  यह कार्यक्रम छतीसगढ़ राज्य के 23 जिलो में लगभग 850 शालाओ में 38 गैर शासकीय संसथाए अपने स्थनीय क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवता को बढ़ाने में योगदान प्रदान कर रहे है|

*आर.टी.ई.वाच कार्यक्रम के उद्देश्य* - शिक्षा के अधिकार  कानून के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेना , शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का क्षमता वर्धन करना , शालाओ की बुनियादी सुविधाओ का अवलोकन एवं देखभाल करना , बच्चो के शैक्षणिक स्तर को देखना , कक्षागत प्रकियाओ का अवलोकन , शाला त्यागी व अप्रवेशी बच्चो को शाला से जोड़ना , बालिकाओ को शिक्षा का माध्यम से सशक्त करना ,शिक्षको  का क्षमता वर्धन करना , समुदाय को शिक्षा के लिए जागरूक करना जनभागीदारी सुनिचिश्त करना , शिक्षा की गुणवता में वृधि के प्रयास करना , शिक्षा संसधान केंद्र विकसित करना

*शाला अवलोकन* - आर.टी.ई.वाच कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शालाओ में शाला प्रबंधन समिति ,आर.टी.ई.मित्र ,पालको ,ग्राम के सरपंच ,पंच ,मितानिन ,गाँव के वरिष्ट नागरिक के साथ मिलकर शाला के बुनियादी सुविधाओ ,बच्चो के शैक्षणिक स्तर पर कक्षा तीसरी एवं  पांचवी के हिंदी व गणित ,विषय पर बच्चो की समझ जानने के लिए टेस्ट ली जाती है |

*शाला प्रबंधन समिति  को सक्रिया* –

आर.टी.ई.वाच कार्यक्रम के अंतर्गत शालायो में शाला प्रबंधन समिति के गठन प्रकिया में 1.पालको शिक्षको के साथ कार्य करना, 2.शाला प्रबंधन समिति को उनके कार्यो व जिम्मेदारीयो के प्रति जागरूक की जा रही है    3. प्रतिमाह बैठक में शामिल होकर बच्चो के शैक्षणिक स्तर,मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता ,अप्रवेशी ,अनियमित बच्चो को शाला से जोड़ना ,4.शाला संबंधित मुद्दों को ग्राम सभा में चर्चा कर प्रस्ताव को  विभिन्न विभाग स्तर में पैरवी करने के लिए  प्रोत्साहित की जा रही  है |

रिपोर्ट साझा - आर.टी.ई.वाच कार्यक्रम के अंतर्गत शालाओ में की गई अवलोकन के रिपोर्ट को शाला स्तर में संकुल स्तर में विकासखण्ड स्तर, में जिला स्तर में शिक्षको के साथ ,पालको के साथ ,ग्राम पंचायत ,ग्राम सभा बैठक में , विकासखण्ड शिक्षाधिकार ,जिलाशिक्षाधिकारी , जिलाधीश,के विभन्न मुद्दों पर पैरवी की जाती है |



शिक्षा संसाधन केंद्र :- शिक्षा संसधान केंद्र में किये जा रहे कार्यो के बारे में संकुल बैठक में शिक्षको के बीच साझा किया जाता है तथा उनसे भी सुझाव ली जाती है शिक्षा संसाधन केंद्र में बच्चो को खेल की गतिविधियाँ व शिक्षको , अभिभावकों को केंद्र में जोड़ने के लिए पूरी प्रयाश किया जा रहा है आर.टी.ई.मित्रो की समीक्षा बैठक किया जाता है जिसमे शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र की स्थपना , बच्चो को खेलो के माध्यम से जोड़ना जिसमे मित्रो के साथ खेल की गतिविधि भी की गई आग का दरिया ,नेता कौन ,बोल भाई कितने , रुमाल झपट बच्चो की सिखने सिखाने पर माताओं को शाला से जोड़ने पर चर्चा किया गया संकुल समन्वयक ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य में शामिल रहे है| केंद्र में लगातार घुमंतू परिवार के बच्चो जोड़ने के लिए एक्टिविटी किया जा रहा है इस प्रकार सिखने – सिखाने पर कार्य कर रहे है |



आदर्श पुस्तकालय – आर.टी.ई. वाच कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित पांच प्राथमिक शालाओ में आदर्श पुस्तकालय विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है क्योकि स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा अधिक मात्रा में कहानी ,कविता , नाटक ,चुटकुले ,सामान्य ज्ञान की पुस्तके दी गई है लेकिन शिक्षको से समन्वय बनाकर पेटी या आलमारी में बंद पुस्तको को बच्चो के उपयोग कर रहे है | सस्था द्वारा शाला के अतिरिक्त कक्ष और बरामदे में पुस्तकालय संचलित किया जा रहा है जहा पे रीडिग टेबल ,दरी , बच्चो के स्तर के कविता कहानी नाटक पुस्तके उपयोग के लिए दी गई है कक्षा पहली से पांचवी के बच्चो को मिला कर 12 सदस्यों वाली एक समिति बनाई गई है जिसमे शिक्षक और बच्चो की

सहमती से पुस्तकालय में पढने के लिए आधे घंटे की समय निर्धारित किया गया है और प्रति दिन हर कक्षा के बच्चे पुस्तक पढने जाते है समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि पुस्तको को व्यस्थित करना , बच्चे पुस्तके पढ़ रहे है उनका रजिस्टर में नाम लिखना , आवक जावक रजिस्टर का उपयोग करना और सभी बच्चो को कहानी कविता नाटक की पुस्तके पढने के लिए प्रेरित करते है इस पुरे गतिविधि में शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों पालको और आर.टी.ई. मित्रो की सहयोग मिल रहा है | बच्चे पुस्तकालय में सामूहिक पठन , चित्रों में चर्चा करना कहानी पढ़ कर सुनना और बच्चो से प्रशन करना, चित्र बनाने की गतिविधिया की जाती है |

संकुल ,विकासखंड , जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियो के साथ अच्छा समन्वयक स्थापित एवं शैक्षिक कार्यो के विषय में चर्चा करी जा रही है -संकुल केन्द्र सोमनी व सुंदरा में संकुल बैठको में सभी शाला के प्रधानपाठक के बीच में शैक्षिक कार्यो के विषय में सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत हर माह के चर्चा पत्र पर चर्चा की जाती है संकुल स्तर पर पी.एल.सी.के गठन पर चर्चा की गई जिस के तहत सभी शिक्षको को पी.एल.सी की अवधारणा को बताया गया जिस के बाद में संकुल समन्वयक द्वारा सभी शिक्षको के सहमती ले कर 10 सदस्यों को पी.एल.सी के लिए चयन की गई |इस के साथ ही ए.पी.जे.अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवता अभियान के बारे में चर्चा की गई जिस में निकलकर आया की जिस शाला में अवलोकन पत्र के अनुसार जो कमी हुई है उसमे ज्यादा काम कर उसमे सुधार लाने की बात की गई है |इसके बाद में समन्वयक द्वारा सम्पर्क फाऊडेसन के द्वारा दी गई गणित किट की शाला में नियमित उपयोग करने की बात की गई समन्वयक द्वारा बच्चो की मैखिक भाषा की गति को बढ़ाने के लिए आस –पास के वातावरण से बच्चो को अवगत कराने के लिए सभी प्रधानपाठक अपने शाला के स्टाप शिक्षको को कार्य करने के लिए प्रेरित करे| समन्वयक द्वारा शालाओ में जा कर बच्चो के दक्षताओ को जांचने का कार्य कर रहे है संकुल बैठक में शामिल होकर बच्चो के सिखने सिखाने जैसे विषयों में भी चर्चा की जा रही है जिस में सभी प्रधानपाठक द्वारा अपने अपने शालाओ में अनियमित ,कमजोर बच्चो को सामान्य स्तर में लाने के लिए किये जा रहे प्रयाशो पर भी चर्चा की गई जिसमे शिक्षको का कहना है की कमजोर बच्चे को



आगे की लाइन में बैठाते है ,बोलने के ज्यादा अवसर देना ,शाला की छोटी छोटी जिम्मेदारी देकर प्रोत्साहित करना ,होनहार बच्चो के बीच में बैठकर समझने में सहयोग कराना , अभिभावकों से नियमित चर्चा करना शिक्षको के साथ नियनित बातचीत की जाती है जिला शिक्षाधिकार श्री बी.एल,कुर्रे ,विकासखंड शिक्षाधिकार श्री फेरु राम वर्मा ,



विकासखंड सहायक शिक्षाधिकार श्रीमती संध्या मेडम, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री शैलेन्द्र मिश्रा, विकासखंड सहायक शिक्षाधिकार.श्रीनिवास मिश्रा , संकुल समन्वयक श्री घनश्याम साहू , सी.के. साहू के साथ बच्चो की सीखने सिखाने, शाला की मुलभुत सुविधाओ पर चर्चा की जाती है

## खेल खेल में समुदाय को शाला से जोड़ना

सर्वशिक्षा अभियान के मार्गदर्शन में यूनिसेफ रायपुर व प्रयोग समाज सेवी संस्था के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा प्राथमिक शाला... तोरणकट्टा व अ भाठापारा. में बाल लर्निग व स्पोर्ट्स मेले का आयोजन किया गया | का प्रारंभ कार्यक्रम ज्ञान दास साहू राज कुमार ठाकुर , समूह की सस्दयो द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया प्रधानपाठक राजकुमार ठाकुर ने कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गईलर्निग मेले | , रंगोली ,चित्रकलामिट्टी के खिलौने ,व्यक्तिगत स्वच्छता , हाथ धुलाई ,गीत , कविता,के बारे में सिखाया गया |इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चो को खेल –खेल में गणित स्वच्छता , स्वस्था , विज्ञान, ,शिक्षक ,जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्यों की जानकारी देना है शाला प्रबंधन अभिभावक और बच्चो को शारीरिक शिक्षा कार्ड के किट के माध्यम से डिस एंड डूम ,निशाना साधना गोले में गेद से , शारीरिक शिक्षा कार्ड के उपयोग कर बच्चो को नियमित | चकमा देकर मारना जैसे खेल खेलाये गये मा, शारीरिक विकास, पढाई को रुचिकर, कमी शाला त्यागी में, शाला आनेस पेशियाँ मजबूत होगी और खेल के माध्यम से विषय वस्तुओ से जोड़ सकते है |शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लिलेश देवगान द्वारा बच्चो को सम्बोधित करते हुए संदेश दिया कि शाला में पढ़ाई के साथ- साथ

खेलकुद भी उतना ही जरुरी है जितना की पढाई   इस प्रकार की गतिविधियां करने से बच्चो मे अनुशासन ,एक दूसरे मे समानता का भाव, सामूहिक रुप से कार्य करने की भावना आती है।  हमें बच्चों की कला व नैतिक शिक्षा को बढ़ाने के लिए माता पिता शिक्षक एवं समुदाय  की जिम्मेदारी होती है। महिला ग्राम संगठन की प्रतिनिधि कुसुम साहू ने कहा कि शाला से  पालको को जोड़ने के समूह की महिलाओ को खेल गतिविधि कराई गई प्रधानपाठक राम कुमार सिन्हा ने  आरवांच .ई.टी. अभियान एवं आयोजकजनकल्याण सामाजिक संस्थान  का आभार व्यक्त  करते हुए कहा कि हमारे बच्चो में  हुनर को बढ़ाने के लिए आप  सभी का प्रयास बहुत ही सराहनीय है ।  इस कार्यक्रम |मे कुल 217  बच्चो ने भाग लिये |आर  मित्र.ई.टी.कुनेमन , प्रेमा निषाद, छाया दीक्षित, रीना देशमुख. , लक्ष्मी यादव, सवित्री देवगांन, साहूशिक्षक हेमंत ठाकुर खान सर ,  हरिश हुमेश्वर प्रसाद निषाद  , राजेंद्र विश्वकर्मा  ( मैनेजर) एवं महिला समूह व समस्त ग्रामवासी उपस्थित  रहे

शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र की संचालन – आर.टी.ई.वांच कार्यक्रम के अंतर्गत जनकल्याण सामाजिक सस्थान द्वारा शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र की स्थापना किया गया  है जिसमे  हर गाँव से चार लोगो को आर.टी.ई.मित्र के रूप में चयन  की गई  है इन आर.टी.ई.मित्रो को शिक्षा के अधिकार कानून के अनुपालन की स्थिति जायजा लेना, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को सक्रिया करना ,शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चो को शाला से जोड़ना ,साथ ही सामाजिक व्यवहार परिवर्तन , प्रारभिक भाषा शिक्षण (ई.जी. आर ) के विषय पर प्रशिक्षित किया गया है | अपने केन्द्रों में बच्चो को खेलो से शेर बंदूक दिवार , आग का दरिया , बोल भाई कितने , गोल गोल धप , रुमाल झपट, खेल कर के बच्चे से जुड रहे है और बच्चो



के मौखिक अभिव्यक्ति को बढाने के लिए कविता , कहानी, चित्रों पर बातचीत करने से  क्योकि बच्चे स्कूल आने के पूर्व ही विभिन्न प्रकार के चित्रों से प्ररिचित होते है जब बच्चे की चित्रों वाली पुस्तके मिलती है तो बहुत खुश होते है और अपने दोस्तों के साथ बातचीत करते है बच्चो में समझ के साथ पढ़ने की शुरुवात करने के लिए यह आवश्यक है की बच्चो के परिवेश में प्राप्त चित्रों पर बातचीत की

जाए बच्चो में समझ व आत्मविश्वास बढ़ता है प्रारंभिक कक्षाओ में सार्थक संदर्भ के अध्यापन में मात्त भाषा का उपयोग किया जाना चाहिए जिससे  बच्चे शाला से जुड़ाव होता है ,सिखने में बच्चो की सक्रिया सहभागिता होती है बच्चो को पढ़ने लिखने में आनंद आता है बच्चो के साथ में ड्राईग कराना , कविताओ को हावभाव के साथ किया जा रहा है ,  बच्चेभयरहित और तनावरहित वातावरण में सीखते है  माताओं , शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों  के साथ केंद्र के सुचारुरूप से संचालन के लिए मार्गदर्शन ली जा रही है |



## अक्षय परियोजना

i.Lrkouk& जनकल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा द कैथोलिक हेल्थ एसोसियेशन (चाई) के सहयोग से अक्षय परियोजना  क्रियान्वित हो रहा । अक्षया जिसका अर्थ है (टीबी से मुक्त) भारत में टीबी की देखभाल और नियंत्रण को मजबूत बनाने के लिए एक सभ्य समाज की पहल है । इस परियोजना  के माध्यम से गांवो को टीबी से मुक्त करने तथा लोगो तक कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओ को पहुंचाना है यह परियोजना पिछले 7 वर्षो से चल रहा है और वकालत , संचार ,और सामाजिक एकजुटता के माध्यम से भारत की राष्टीय टीबी नियंत्रण और टीबी सेवाओ को मजबूत बनाने पर ध्यान केद्रिंत किया गया । द कैथोलिक हेल्थ एसोसियेशन के द्वारा यह परियोजना महाराष्ट, केरल, तमिलनाडु, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश , पंजाब और नागालैंड के 96 जिलो को शामिल किया गया है। यह कार्यक्रम ग्रामीण तथा शहरी दोनो स्थानो पर चलाया जा रहा है, जिसमे गांवो को ज्यादा ध्यान दिया गया है क्योकि गांवो मे जागरुकता की कमी होती है तथा गांवो के लोग संकोच वश इसे बताना नही चाहते तथा वे इसे छुपाते है जिससे यह बीमारी और भी बढ़ जाती है और यह एक संक्रामक बीमारी होने के कारण दूसरे लोगो को भी इससे खतरा रहता है  । अक्षय प्रोजेक्ट के माध्यम से संस्था के द्वारा गांवो मे वहां के स्वयं सहायता समूहो , मितानिनो , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य ग्रामीण लोगो को इकटठा करके क्षय बीमारी के संबंध मे जानकारी अक्षय मित्रो के माध्यम से दी जाती है तथा जिसको भी इसके लक्षण दिखाई देते है उसका बलगम की जांच कराने की सलाह दी जाती है जिसमे वह स्वयं जाकर अपना बलगम जांच करवा सकता है या फिर अक्षय मित्र के माध्यम से बलगम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या डीएमसी जहां पर बलगम जांच होता है वहां पर ले जाया जाता है।

GKS मीटिंग –  अक्षय प्रोजेक्ट के माध्यम से गांवो मे टीबी से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के लिए गांवो मे मीटिंग के माध्यम से जानकारी दिया जाता है  यह मीटिंग गांव मे बनाई गई

महिला समूह , मितानिन , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , तथा अन्य एस एच जी समूहो के साथ लिया जाता है मीटिंग का उद्देश्य होता है कि इन समूहो के लोगो के माध्यम से अपना जो संदेश है वह गांव के प्रत्येक व्यक्ति , हर परिवार तक सुलभता के साथ पहुंचाना रहता है मीटिंग मे उपस्थित लोगो को टीबी की संपूर्ण जानकारी दी जाती है ताकि टीबी के संबंध मे लोगो मे जो भी भ्रांतियां है उसे खत्म करके लोगो तक सही संदेश पहुंचाया जा सके, तथा लोग स्वयं जागरुक होकर अपने से सामने आये और ऐसा कोई लक्षण दिखाई दे जो टीबी के हो सकते है तो वह अपना बलगम जांच अवष्य कराये साथ ही गांव के अन्य लोगो तक यह संदेश पहंचाये कि टीबी केवल एक बीमारी है जो 6 माह के इलाज से पक्का ठीक हो जाएगा ।

v{k; lokn अक्षय संवाद इस प्रोजेक्ट की ऐसी गतिविधि है जिसमें लोगो के घरो मे जाकर वहां के सभी सदस्यो को एक साथ इकट्ठा कर उनसे टीबी के संबंध मे चर्चा की जाती है तथा उन लोगो को



टीबी की जानकारी दी जाती है ताकि इस बीमारी के संबंध मे किसी भी प्रकार का कोई संदेह न रहे और लोग इसको समझ कर इसका पूरा इलाज कराये अक्षय संवाद के माध्यम से लोगो को टीबी बिमारी को इस प्रकार समझाया जाता है जिससे लोग इसके बारे मे गलत जानकारी न रखते हुए साथ ही किसी प्रकार का संदेह न रखते हुए इसका जांच समय रहते हुए कराये तथा अगर पॉजीटिव आता है तो वह उसका इलाज भी पूरा करवा सकें।

| v{k; lokn | v{k; fe= | cyxe tkp | Vh-ch-ikftfVo |
|---|---|---|---|
| 1882 | 45 | 84 | 17 |

LQVe dyD'ku ,o tkp %&स्फूटम कलेक्शन अक्षय प्रोजेक्ट का सबसे प्रमुख हिस्सा होता है जिससे ही हमारी कार्य क्षमता का पता चलता है साथ ही साथ गांवो मे हमारे कार्यक्रम का प्रभाव किस स्तर पर पड़ रहा है यह भी स्फूटम जांच के बाद ही पता चलता है । हमारे द्वारा स्फूटम कलेक्शन गांव

मे किए जा रहे अक्षय संवाद से चिन्हाकिंत किए गए लोगो का करवाया जाता है बलगम जांच के लिए लोगो के बलगम को अक्षय मित्र के द्वारा नजदीक के डीएमसी तक पहुंचाया जाता है इसके लिए ऐसे लोग जिनका चिन्हाकंन अक्षय संवाद से किया जाता है उन्हे बलगम निकालने के लिए एक डिब्बा दिया जाता है तथा उन्हे किस प्रकार का बलगम निकालना है यह बताते हुए सुबह का बलगम निकालने की सलाह दी जाती है और फिर अक्षय मित्र द्वारा उस बलगम को उसी सुबह जांच के लिए ले जाया जाता

Ekjh tk rFkk fMQkYVjk l s eqykdkr ¼& अक्षय प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक गतिविधि उन मरीजो से मुलाकात भी है जिनका दवाई जारी है तथा उन लोगो से मिलकर उन्हे उचित सलाह भी दी जाती है ऐसे मरीजो को समय पर दवाई लेने तथा उचित खानपान की सलाह दी जाती है और बीच बीच मे इनसे मुलाकात किया जाता है । इसके साथ साथ ऐसे मरीजो से भी मुलाकात किया जाता है जो बीच मे ही दवाई छोड़ देते है इन्हे यह सलाह दी जाती है कि वे दोबारा अपना बलगम जांच कराए तथा यदि उन्हे दोबारा दवाई खाने की सलाह दी जा रही है तो वे अपना पुनः इलाज शुरु कराये और इस बार अपना पुरा इलाज कराए ताकि वह स्वयं तो स्वस्थ्य रहे साथ ही उसके साथ उनके घर के अन्य लोग खासकर बच्चो के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा ।




RHCP डॉ. से मुलाकात :— गांव मे कार्य कर रहे ऐसे डॉ. अक्षय प्रोजकक्ट के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है उनसे मुलाकात कर टीबी के बारे मे चर्चा किया जाता है तथा ऐसे मरीजो को जिसमे टीबी के लक्षण दिखाई दे रहे हो उन्हे अक्षय प्रोजेक्ट से जोड़कर बलगम जांच कराने के लिए नजदीक के डी.एम.सी मे भेजने की सलाह दी जाती है जिससे हमे टीबी मुक्त भारत बनाने मे मदद मिल पाये या जो मरीज वहां तक नही जाने मे असमर्थ है उसके बारे मे अक्षय मित्र या हमे बताए ताकि हम स्वयं उसका बलगम जांच के लिए ले जा सके।

v{k; xke ¼& अक्षय ग्राम वह ग्राम होता है जहां पर टीबी मरीज ज्यादा पाया जाता है वहां पर गांव मे जाकर सरपंच, पंच, मितानिन तथा समूहो के लोगो को इकट्ठा करके टीबी के संबंध मे चर्चा की

जाती है । वहां पर टीबी के बढ़ रहे प्रभाव पर इन सभी लोगो से चर्चा किया तथा वहां पर अक्षय परियोजना के माध्यम से किस प्रकार करके हम गांव को टीबी से मुक्त कर सकते है इस पर लोगो से सुझाव तथा उनसे हमारी इस कार्य मे सहयोग के लिए प्रार्थना भी किया गया । राजनांदगांव ब्लॉक से ग्राम बरगा व डुमरडीहखुर्द को अक्षय ग्राम के लिए चयनित किए है तथा वहां हमारे द्वारा गांव के टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है यहां गांव के लोगो के जानकारी के लिए एक अक्षय बोर्ड भी लगाया गया है ।

## क्षेत्र अध्ययन रिपोर्ट



जिलां - राजनांदगांव विकासखण्ड मानपुर के अतंर्गत आनेवाले ग्रम पंचायत सीतागांव के पटेलपारा में सरपंच, सचिव, ग्रम के वरिष्ठ नागरिक, महिला-पुरूष एवं बच्चे तथा शिक्षित बेरोजगारों तथा साथी सामाजिक संस्थान, कोंडागांव की उपस्थिति में महात्मागाँधी राष्ट्रीय रोजगार गॉरण्टी योजना के कियान्वयन के संदर्भ में ग्रम के एक वृक्ष के नीचे कार्यक्रम की रूप रेखा एवं कार्यो के ऊपर ग्रमीणों की सहभागिता से मनरेगा पर समझ बनाने एवं ग्रम की समस्या के संदर्भ में कार्यो के क्रियान्वयन हेतु बैठक का आयोजन किया गया तथा पी.आर.ए. के तहत ग्रम सीतागांव के संसाधन व सामाजिक बसाहट का भ्रमण कर, कार्य योजना बनाने के उद्देश्य से ग्रमीणो की सहभागिता से पी.आर.ए. किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेरणा गीत के द्वारा किया गया तत्पश्चात एक–दूसरे से परिचय प्राप्त कर मनरेगा पर बातचीत किया गया जिसमें मनरेगा कानून की जानकारी जॉब कार्ड एवं कार्य माँग, बेरोजगारी भत्ता, मजदुरी भुगतान, लिंग–भेद, बैंक खातो की जानकारी, पर्याप्त कार्य, कार्य अवधि बढ़ाने संबंधी ग्रमीणों के साथ विस्तार से चर्चा किया गया।

मानचित्र को चार्ट पेपर में बनाकर इस मानचित्र के आधार पर निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया तथा मनरेगा पर कार्य योजना तैयार किया गयाः–

1. किये कार्यो की भौगोलिक जानकारी।
2. किये कार्यो की कार्यो की गुणवत्ता ।
3. कार्यस्थल की जानकारी व कार्यो की कुल संख्या।

4. कार्यो की प्राथमिकीकरण।

ग्रमीणों की सहभागिता बढ़ाने सर्वप्रथम जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव के मास्टर ट्रेनर किशन सिंह साहू ने रोजगार गॉरण्टी से संबंधित गीत के माध्यम से आम जनों को प्रेरित किया तथा विस्तार से मनरेगा कि जानकारी तथा कानून मुख्य प्रावधानों की जानकारी पर प्रकाश डाला तथा मनरेगा से संबंधित कानून के संदर्भ में ग्रमीणों के साथ बातचीत किया गया जिसमें विशेष रूप से मनरेगा स्थल के कार्यो का चुनाव, समय पर मजदुरी भुगतान, समय पर कार्य, 150 दिनों के कार्यो पर बताया गया कि पूरे समय कार्य नहीं मिलता जिससे बेरोजगारी बनी रहती है व जीवन यापन में कठिनाई होती है तथा घर के सभी वयस्क सदस्यों को काम नहीं मिलता हितग्रहियों ने सही समय में कार्य उपलब्ध होना तथा सही समय पर मजदुरी मिलने की बात कहीं। ग्रमीण कार्य करने के लिए हर समय तैयार है सरकार सही समय में पर्याप्त कार्य नहीं देती न समय पर मजदुरी भुगतान होता है बैंको का चक्कर लगाना पड़ता है जिससे समय व पैसे अधिक खर्च होते है तथा कई बार बिना मजदुरी लिए बैंक से वापस लौटना पड़ता है।

नोटः–

- सही समय पर लोगो को कार्य नहीं मिलता तथा पर्याप्त मजदुरी नहीं मिलती जिनके कारणवश उन्हे कठिनाई होती हैं।
- मनरेगा के कानून की जानकारी देने की आवश्यकता है।
- मनरेगा की सूचनाओं के प्रचार–प्रसार की आवश्यकता है।

## मनरेगा में गैर–भागीदारी

महात्मागाँधी रोजगार गॉरण्टी योजना के तहत ग्रम में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मनरेगा क्या है उसके बारे में जानकारी दी गई। जॉब कार्ड, स्वास्थ सुविधा, कार्यो का प्रस्ताव, स्वीकृति, पर्याप्त कार्य नहीं मिलना, मनरेगा का कार्य दिवस, भुगतान, बेरोजगारी भत्ता, कार्य की माँग, कार्य स्थल, मनरेगा एक कानून है इसकी जानकारी के संबंध में संपूर्ण जानकारी लिया गया, जिसमें ग्रम के जॉब कार्डधारी महिला–पुरूषों ने भाग



लिया।

- जॉब कार्ड कार्य स्थल पर नहीं भराया जाता इसको नियमित भरने की जरूरत है।
- कार्य स्थल पर स्वास्थ सुविधाएँ उपलबध नहीं रहता।
- ग्रमसभा के बारे में संपूर्ण जानकारी का न होना।
- मनरेगा के कार्यो की स्वीकृति सही समय पर नहीं मिलना।
- मनरेगा के तहत पर्याप्त काम नहीं मिलता, कार्य दिवस को बढ़ाया जाना चाहिए।
- मनरेगा के बेरोजगारी भत्ता के संदर्भ में तथा आवेदन की जानकारी का अभाव।
- मनरेगा एक कानून है जिसकी जानकारी का न होना।

## डेवलपमेंट इनिसिटिव इन छत्तीसगढ़

### क्षेत्रीय स्तर पर संगठन संचालन की प्रकिया पर दो दिवसीय बैठक

डेवलपमेंट इनिसिटिव इन छत्तीसगढ़ कासा के मार्गदर्शन में जनकल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा ग्रम अड़मागोंदी में दो दिवसीय बैठक सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मोहला वि.ख. के अंतर्गत 5 ग्राम पंचायत के 22 गांवों के संगठन अध्यक्ष एवं एक सदस्य को संगठन संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन अपने अधिकारो व कर्तव्य को अच्छी तरह समझ सके तकि संगठन का संचालन ठीक तरह से हो, सभी 22 परियोजना क्षेत्र के गावों में संगठन बना हुआ है, जो ग्राम विकास मंच अपने स्तर पर कार्यरत है, गांव के विकास को मुख्यधारा से जोडने के लिए सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। संगठन क्या हैः– संगठन एकता का प्रतीक है। जो एक व्यक्ति नहीं कर सकता वह संगठन के माध्यम से किया जा सकता है, संगठन एक बुद्धि जीवि लोगों का समूह है। संगठन के माध्यम से हम किसी भी कार्य को अंजाम के तक पहुंचा सकते है। एकता में ताकत होती है। व्यक्ति से बड़ा संगठन है। गांव का संगठन पांच लोगों से शुरू होता है। तथा धीरे– धीरे लोग जुड़ते जाते है। संगठन के कार्यो पर चर्चाः– गांव व समाज के विकास के लिये व्यक्ति का संगठित होना जरूरी है। तथा संगठन का उद्देश्य लोगो के कल्याण एवं ग्राम विकास ही मापदण्ड होना चाहिए। संगठन समाज के हर वर्ग के लिये समान रूप से निःस्वार्थ भाव कार्य करना ।सबके साथ सबका विकास होना

चाहिए। ताकि संगठन कि एकता बनी रहे व लोग निरंतर संगठन से जुड़ते रहे, संगठन का संचालन सुचारू रूप से चले इसके लिए बीच–बीच में बैठके होना चाहिए तथा संगठन में पारदर्शिता ,नीति व सिद्धांत स्पष्ट होनी चाहिए, तभी संगठन मजबूत रहेगा ।सदस्य गजऊराम ने कहां संगठन का नियम कानून –गांव के विकास के लिये होना चाहिए। संगठन होना बड़ी मुद्दाः– प्रशिक्षक भरत राम मण्डावी ने कहां आज लोग अच्छे कार्यो व गांव के विकास के लिये नहीं सोचते सब अपने बारे में सोचते रहते है, समाज व गांव कैसे आगे बढ़े इसके लिये बहुत कम ही लोग सोचते है। गांव वाले तो जैसे तैसे संगठन बना लेते है लेकिन संचालन कैसे होगा उसके बारे में नहीं सोचते, संगठन मजबूत तभी होगा जब लोग साथ बैठेगें व सोचेगें तथा अपने अधिकार को हम कैसे प्राप्त करेंगे इन विषयों पर चर्चा करेगें तभी गांव का विकास, समाज का विकास होगा। जो कार्य अकेले में नहीं होता वह संगठन से हो जाता है। प्रशिक्षक भारतराम मण्डावी से महाराष्ट्र के एक गांव में मेघालेखा का उदाहरण देकर वह लोगो की एकता एवं उनके द्वारा आत्म निर्भरता हो बताया ताकि लोग संगठन को समझ सके। गांव आज क्यों आत्म निर्भर है। उसका एक मात्र कारण है। कि वहां लोग संगठित है। तथा लोग एक दूसरे कि सहयोगी है।पश्चात मेघालेखा जैसे गांवो को संगठित होकर कौन–कौन बैठना चाहते है। इस बार माखनलाल – ककईपार, पुरानिक नेताम – केशला, कन्हैयालाल – शेरपार, चमरसिंग कलामें – परसूटोला ने संगठन बनाकर संगठन को मजबूत करने की बात कहीं।पश्चात किशन साहू समन्वयक ने कहां पहले भी संगठन था तथा एकता था कोई भी कार्यो को एक होकर करते थे तथा अंजाम तक पहुंचाते थें, लेकिन आज समाज शिक्षित हो गया संगठन भी एकता नहीं व्यक्ति लोककल्याण के बारे में कम अपने लिये ज्यादा सोचते हैं। इसलिये समाज या गांव के अंतिम छोर मे बारे में सोचना पंचायती राज व्यवस्था के संदर्भ में किशन साहू ने ग्राम सभा को मजबूत करेगे ताकि गांव का विकास होगा सभी को ग्राम सभा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया ।

## व्यक्तिगत दावा व सामुदायिक दावा




